हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 15 जनवरी 2024

04 सामूहिक सूर्य नमस्कार और प्रतिभा सम्मान समारोह...



06 कठिन परिश्रम के बिना हमें सफलता प्राप्त नहीं होती...






## खबर संक्षेप

### राज्य रूपंकर कला पुरस्कार के लिए 15 तक मांगी कलाकृतियां

**सीहोर।** उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी और मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल की ओर से राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदर्शनी के लिए आवेदन 15 जनवरी तक किए जा सकते हैं। अकादमी की ओर से 10 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इनमें प्रत्येक पुरस्कार की राशि 51 हजार रुपए निर्धारित है। प्रदर्शनी में 3 कलाकृतियां मान्य की जाएंगी। इसके लिए कलाकार की उम्र 25 से 55 वर्ष तक के बीच होना चाहिए।

### दुर्घटना पॉलिसी में 10 लाख तक का क्लेम

**सीहोर।** भारतीय डाक विभाग की इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में 396 रुपये सालाना की कीमत पर दुर्घटना पॉलिसी जारी की है। इस बीमा पॉलिसी में दुर्घटना मृत्यु स्थाई विकलांगता, आंशिक विकलांगता होने अथवा घटना में अंग-भंग होने या लकवा होने की स्थिति में दस लाख रुपए तक का क्लेम प्रदान किया जाएगा। दुर्घटना का शिकार होने पर अस्पताल में भर्ती बीमाधारक को आईपीडी इलाज के खर्च के लिए 60 हजार रुपये और मरहम पट्टी की जाने अथवा ओपीडी में इलाज की स्थिति में 30 हजार रुपये की राशि मुहैया कराई जाएगी। बीमाधारक का परिवार अन्य शहर में रहता है तो उसके आने के लिए अधिकतम 25 हजार रुपए तक का टिकट खर्चा भी दिया जाएगा और दुर्भाग्य से बीमा धारक की मृत्यु हो जाती है तो पॉलिसी के तहत 5 हजार रुपए अंतिम क्रियाक्रम के लिए दिए जाने का प्रावधान भी रखा गया है।

### भगवान सूर्य को अर्घ्य देने और उनकी पूजा करने का है महत्व

# मकर संक्रांति का पर्व आजः नर्मदा तटों पर लगेगा मेला, लाखों श्रद्धालु करेंगे स्नानदान

इस दिन स्नान व दान का भी विशेष महत्व माना गया है। चूड़ा, तिल, मिठाई, खिचड़ी सामग्री व गर्म कपड़े दान करने से सुख-समृद्धि आती है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सूर्य आज मकर राशि में प्रवेश करेगा। मकर संक्रांति पर्व पर जिले के नर्मदातटों पर आज मेला लगेगा। श्रद्धालु यहां स्नान और दान करेंगे। जिले के आंवलीघाट, बुधनी घाट, नीलकंठ, सीलकंठ सहित अन्य तटों पर रविवार देर शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था।

हिंदू धर्म में मकर संक्रांति का विशेष महत्व है। शास्त्रों के अनुसार, भगवान सूर्य बारह राशियों के भ्रमण के दौरान जब मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है। आमतौर पर 14 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। लेकिन इस बार पंचागों के अनुसार 15 जनवरी को मकर संक्रांति मनाना शुभ होगा। पंचागों के अनुसार इस बार 15 जनवरी को मकर संक्रांति स्पष्ट है।

स्वर्ण पदक प्राप्त ज्योतिषाचार्य डॉ पंडित गणेश शर्मा के अनुसार मकर राशि के सूर्य होने पर तिल खाना शुभ होता है। इस दिन स्नान व दान का भी विशेष महत्व माना गया है। चूड़ा, तिल, मिठाई, खिचड़ी सामग्री व गर्म कपड़े दान करने से सुख-समृद्धि आती है। मकर राशि के सूर्य के साथ ही पुण्यकाल में स्नान व दान के बाद चूड़ा-दही व तिल खाना शुभ होगा। पुण्यकाल में स्नान के बाद तिल का होम करने और चूड़ा, तिल, मिठाई, खिचड़ी सामग्री, गर्म कपड़े दान करने व इसे ग्रहण करने से घर में सुख-समृद्धि आती है। मकर राशि के सूर्य होते ही सूर्यदेव उतरायण हो जाते हैं और देवताओं के दिन और दैत्यों के लिए रात शुरू होती है। खरमास खत्म होने के साथ ही माघ माह शुरू हो जाता है।

#### मकर संक्रांति पूजा विधि

पंडित गणेश शर्मा ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन भगवान सूर्य उत्तरायण होते हैं। इसी के साथ देवताओं के दिन शुरू होने से मांगलिक कार्य आरंभ हो जाते हैं। सूर्य देव को मकर संक्रांति के दिन अर्घ्य के दौरान जल, लाल पुष्प, फूल, वस्त्र, गेंहू, अक्षत, सुपारी आदि अर्पित की जाती है। पूजा के बाद लोग गरीबों या जरुरतमंद को दान देते हैं। मकर संक्रांति के दिन खिचड़ी का विशेष महत्व होता है। इस बार शुक्ल पक्ष चतुर्थी तिथि में व्यातिपात योग, शतभिषा नक्षत्र और 15 जनवरी 2024 सोमवार के संयोग में सूर्य प्रातः 02 बजकर 54 मिनट पर धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश को मकर संक्रांति कहते हैं।

**मकर संक्रांति पर सूर्य को अर्घ्य दें :** इस दिन सूर्य उत्तरायण होता है। इस दिन से दिन धीरे-धीरे बड़ा होने लगता है और रातें छोटी। इस दिन सूर्य को अर्घ्य देने और उनकी पूजा करने का महत्व है।

इससे सभी तरह के कष्ट दूर हो जाते हैं और धन समृद्धि बढ़ती है। संक्रांति के दिन सूर्य को तांबे के लोटे के जल भर कर उसमें कुंकुम, अक्षत, तिल तथा लाल रंग का फूल डालकर जल अर्पित करें। जल अर्पित करते समय 'ॐ घृणि सूर्याय नमः" मंत्र का जाप करें। ऐसा करने से आपकी मनोकामना पूरी होगी।

**शनि पूजा करें** –माना जाता है कि इस दिन सूर्य अपने पुत्र शनिदेव से नाराजगी त्यागकर उनके घर गए थे , इसलिए इस दिन पवित्र नदी में स्नान करने से पुण्य हजार गुना हो जाता है। शनि की उपासना करने से शनिदोष दूर होता है और धन संबंधि समस्या का समाधान होता है।

. **पितृ तर्पण करें** – इस दिन पितरो की शांति के लिए जल युक्त अपर्ण करें। पितरों को जल देते समय उसमें तिल का प्रयोग करें इससे घर-परिवार को आरोग्य, सुख एवं समृद्धि की प्राप्ति होती है।

**विष्णु लक्ष्मी पूजा करें** – इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा और आराधना करने का बहुत महत्व है। इससे माता लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है। इस दिन विशेष तौर पर गायों को हरा चारा खिलाया जाता है। कहते हैं इससे चंद्र और शुक्र दोष दूर होता है और धन संबंधि समस्या का समाधान होकर बरकत बनी रहती है।

#### तिल गुड़ के उपाय

काले तिल और गुड़ के लड्डू बनाकर खाने से जहां घर में सुख समृद्धि आती है, वहीं इसका दान करने से सूर्य-शनि दोनों की कृपा प्राप्त होती है। मकर संक्रांति के दिन एक मुट्ठी काले तिल लेकर परिवार के सभी सदस्यों के सिर पर 7 बार उसार कर घर के उत्तर दिशा में फेंक देने की भी मान्यता है, इससे अनायास होने वाली धनहानि में कमी आकर घर में धन की बरकत बनी रहती है। उत्तर भारत में इस दिन खिचड़ी का भोग लगाया जाता है और गुड़-तिल, रेवड़ी, गजक का प्रसाद भी बांटा जाता है। इससे घर में सुख, समृद्धि, धन, धान्य, लक्ष्मी कृपा बनी रहती है। मकर संक्रांति पर गुड़ एवं कच्चे चावल बहते हुए जल में प्रवाहित करना शुभ रहता है। संक्रांति के दिन काले तिल के लड्डू, नमक, गुड़, काले तिल, फल, खिचड़ी और हरी सब्जी का दान अतिशुभ माना गया है। इस दिन तिल गुड़ या रेवड़ी का दान किया जाता है। इस दिन गरीबों को या जरूरतमंदों को दान देने से पुण्य हजार गुना हो जाता है। इस दिन ऊनी कपडे, कम्बल , तिल और गुड़ से बने व्यंजन व खिचड़ी दान करने का से सूर्य नारायण एवं शनि की कृपा प्राप्त होती है। अपने सुख-सौभाग्य में वृद्धि के लिये मकर संक्रांति के दिन चौदह की संख्या में किसी भी एक चीज का सुहागिन औरतों को दान करना चाहिए। घी का दान करना शुभ होता है। इस दिन घी का दान करने से मान-सम्मान, यश और भौतिक सुविधाओं की प्राप्ति होती है। मकर संक्रांति के दिन पक्षियों को दाना खिलाना शुभ माना गया है।

#### शुभ मुहूर्त

मकर संक्रान्ति पुण्य काल - 07:15 एएम से 05:46 पीएम
अवधि - 10 घण्टे 31 मिनट्स
मकर संक्रान्ति महा पुण्य काल - 07:15 एएम से 09:00 एएम
अवधि - 01 घण्टा 45 मिनट्स
मकर संक्रान्ति का क्षण - 02:54 एएम

## पंचायत भवन से एलईडी चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार, ताला तोड़कर घटना को दिया था अंजाम




हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

जिले के पंचायत भवन से एलईडी टीवी चोरी करने वाले आरोपी को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बीते 11 जनवरी को रात में ग्राम मंजीखेडी के पंचायत भवन का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने एलईडी टीवी चुरा ले गए थे। जानकारी के मुताबिक, ग्राम सचिव राम भरोस मीणा पिता लक्ष्मण मीणा निवासी कुमनताल ने थाना गोपालपुर पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। पुलिस को इस बात की सूचना मिली मंजीखेडी का रहने वाला संतोष उर्फ गप्पू मीणा पंचायत भवन के आस-पास घूमता दिखाई दिया था। इस व्यक्ति पर लोगों को संदेह था। पुलिस की पूछताछ में संदेही संतोष ने घटना के बारे में दो अन्य साथी शिव शंकर उर्फ भोला पिता धुमसिंह कोरकु (26) साल निवासी मंजीखेडी व विजय पिता सीताराम मीणा (42) साल निवासी मंजीखेडी के साथ पंचायत भवन का ताला तोड़कर घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की।

जिसके बाद पुलिस ने आरोपी शिव शंकर व धुमसिंह को उनके घर से अरेस्ट किया। साथ ही आरोपी के पास से क्राउन कंपनी की एलईडी टीवी कीमती 12,500 की बरामद की गई। साथ ही घटना में इस्तेमाल एक लोहे की टामी व बजाज प्लेटिना मोटर साइकिल (MP37MX 3859) को भी पुलिस ने जब्त की है।

### बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिए विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाए जाने पर विक्रेताओं के विरुद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही सम्बन्धित निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

## भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने शॉट लगाकर किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

**मैच के दूसरे दिन एलबी शास्त्री ने फैथ क्रिकेट क्लब को 104 रन से हराया**

**सीहोर।** रविवार की सुबह भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने शहर के बीएसआई मैदान पर जारी अल्फा प्रोट्रिन राज्य स्तरीय टी-20 क्रिकेट ट्राफी में खेल रहे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और यहां पर मौजूद जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय के सहयोग से विकसित किए गए खेल मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में इसी तरह बढ़िया खेल मैदान बनेंगे तो युवाओं को अपना खेल निखारने में सहायता मिलेगी। इस दौरान उन्होंने ट्राफी करा रहे एमडी आशीष गोयल द्वारा कराई जा रही राज्य स्तरीय ट्राफी के लिए प्रशंसा की। बीएसआई मैदान पर जारी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का दूसरा दिन था।

इस दौरान मैदान पर एलबी शास्त्री और फैथ क्रिकेट क्लब के मध्य मुकाबला खेला गया। मैच के शुभारंभ से पहले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा का स्वागत एसोसिएशन की ओर से सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, सुरेन्द्र रल्हन, महेन्द्र शर्मा, पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के पवन सर, भारत गुप्ता, हरी सोनी, चायघर के संचालक अतुल जैन, इरफान हुसैन, नवनीत तोमर, रुपन व्यास, मोहित मोदी, मोहम्मदी ताह इंजीरिंग, नीरज चौरसिया, अतुल कुशवाहा, मदन कुशवाहा, कमलेश पारोचे, गौरव पिचोनिया, आशीष शर्मा, हेमंत चौरसिया आदि ने किया। रविवार को खेले गए एक मात्र मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी एलबी शास्त्री ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 203 रन बनाए थे। इसमें अंकुश त्यागी ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 52 गेंद पर 64 रन,



कुशाल ने 37 गेंद पर 58 रन, प्रियांश आर्य 16 गेंद पर 26 रन, अभिषेक ने सात गेंद पर 25 रन की पारी खेली। वहीं फैथ क्रिकेट क्लब की ओर से ईश्वर पांड, सार्थक सोनी और अक्षत ने एक-एक विकेट हासिल किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी फैथ क्रिकेट क्लब मात्र 16.2 ओवर में 99 रन ही बना सकी। इसमें शाश्वत ने 38 गेंद पर 38 रन बनाए थे। इधर एलबी शास्त्री की ओर से गेंदबाजी करते हुए निखिल कुमार ने 3.2 ओवर में 30 रन देकर तीन विकेट, विवेक ने तीन ओवर में 11 रन देकर दो विकेट, दीपेन्द्र ने तीन ओवर में छह रन देकर दो विकेट, दीवान ने तीन ओवर में 17 रन देकर दो विकेट के अलावा अंकुश त्यगी ने तीन ओवर में 17 रन देकर एक विकेट हासिल किया। रविवार को होने वाले मुकाबले डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सोमवार को पहला मैच ब्लू एनसीसी-एलबी शास्त्री के अलावा दूसरा मैच माईबाई सीसीसी और ओपनर स्ट्रीक क्रिकेट टीम के मध्य खेला जाएगा। रविवार को एलबी शास्त्री के बल्लेबाज अंकुश शास्त्री को मैन ऑफ द मैच प्रदान किया गया।

## यात्री प्रतीक्षालय में खड़े हो रहे दोपहिया वाहन, यात्रियों को नहीं मिलती जगह

**सीहोर।** कुछ साल पहले बस स्टैंड पर खाली पड़ी जगह पर यात्रियों को बैठने के लिए एक शेड बना दिया था लेकिन यहां पर अब दोपहिया वाहन खड़े किए जा रहे हैं। इसे देखने वाला कोई नहीं है। पहले यात्री यहां पर बैठे नजर आते थे लेकिन अब वाहन ही दिखाई देते हैं। बस स्टैंड पर यात्रियों की सुविधाओं के लिए कुछ भी नहीं है। कुछ साल पहले हालत यह थी कि यहां पर यात्रियों के बैठने तक की सुविधा नहीं थी। बाद में खाली पड़ी जगह पर प्रतीक्षालय बना दिया। कुछ दिन तक तो यहां पर यात्री बैठते रहे लेकिन बाद में लोगों ने यहां पर दोपहिया वाहनों को खड़ा करना शुरू कर दिया। इस तरह से अब यात्रियों की बैठने की जगह पर वाहन खड़े रहते हैं। बनाया जाना है



नया बस स्टैंड, जगह चिन्हित नहीं नया बस स्टैंड बनाया जाना है लेकिन जगह चिन्हित नहीं हो सकी है। जिस जगह के लिए नए बस स्टैंड का प्लान बनाया गया था उसका अभी न्यायालय में प्रकरण चल रहा है। इसलिए अभी नए बस स्टैंड के लिए जगह का निर्धारण नहीं हो सका है।

### जान बचाने पर मिलेगा 5 हजार का पुरस्कार

**सीहोर।** भारत सरकार के भूतल परिवहन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा दुर्घटना होने पर घायलों की जान बचाने तथा शीघ्र उपचार उपलब्ध कराने के लिए गुड सेमीरिटन नेक व्यक्ति योजना संचालित की जा रही है। दुर्घटना मे घायल होने के बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति से पुलिस द्वार पूछताछ नहीं की जाएगी, जान बचने पर संबंधित व्यक्ति को 5 हजार रुपए का पुरस्कार कलेक्टर की अध्यक्षता मे गठित समिति के निर्णय के पश्चात दिया जाएगा।

## सजने लगा सीहोरः श्रीराम की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में नर्मदा घाटों और मंदिरों में दीप होंगे प्रज्वलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को ध्यान में रखकर नगर के प्रमुख मार्गों पर सजावट शुरू हो गई है। सीहोर जिले में भी 14 से 22 जनवरी तक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस सिलसिले में अपर कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत जिले में सभी की स्वैच्छिक भागीदारी से गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। 22 जनवरी को सभी की भागीदारी से दीपदान कार्यक्रम होंगे। 21 जनवरी तक श्री राम चरित्र लीला समारोह सीहोर जिले में टाउन हॉल सीहोर व सलकनपुर मंदिर, सरकारी इमारतों तथा स्कूल एवं कॉलेज में साज-सज्जा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इसी तरह 22 जनवरी तक जिन स्थानों पर रेलवे स्टेशन व प्रमुख मार्ग पर स्पेशल ट्रेनों तथा सड़क मार्ग से अयोध्या जा रहे तीर्थ यात्रियों के स्वागत, सभी ग्रामों एवं नगर के सभी वार्डों में सुंदरकाण्ड तथा रामचरित्र मानस व अखण्ड रामायण पाठ और भजन कीर्तन, रंगोली माण्डना, कलश यात्रा, प्रत्येक मंदिर में जनसहयोग से राम कीर्तन आदि का आयोजन, द्वीप प्रज्वलन हर घर में द्वीपोंत्सव के लिए आमजन को जागृत करना।

16 से 22 जनवरी सभी नगरों के मोहल्लों में तथा ग्रामों में स्थानीय कार्यक्रम राम मंडलियों के कार्यक्रमों का आयोजन, प्रमुख मंदिरों में साफ-सफाई, रोशनी, दीप प्रज्जवलन आदि, भगवान श्रीराम-जानकी आधारित सांस्कृतिक आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 16 से 21 जनवरी एक सप्ताह प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।

21 व 22 जनवरी को बुधनी अनुविभाग के घाट पर दीप दान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। 21 से 26 जनवरी तक समस्त शासकीय कार्यालयों में रोशनी की व्यवस्था की जाएगी।

22 जनवरी को सभी ग्रामों और नगर के मुख्य मंदिरों में स्क्रीन लगाकर अयोध्या के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण, प्रमुखों मंदिरों में भंडारों के आयोजन, सीहोर नगरीय क्षेत्र व सीहोर जिले में जहाँ वृद्धाश्रम हों वह दीप प्रज्ज्वलन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा और विधायक सुदेश राय ने दी श्रद्धांजलि

# 365 क्रांतिकारियों की कुर्बानी को नमन करता हूंः वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने सैकड़ाखेड़ी स्थित शहीद स्थल पहुंचकर स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मंत्री वर्मा ने कहा कि 356 क्रांतिकारी ने राष्ट्र निर्माण के लिए जो कुर्बानी दी उनको नमन करता हूं। इस तरह के आयोजन स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले ज्ञात अज्ञात शहीदों का स्मरण करना और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करना है। उन्होंने कहा कि 14 जनवरी 1858 को सीहोर में स्वतंत्रता के प्रथम संग्राम में 356 क्रांतिकारियों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। अंग्रेजी शासन के खिलाफ मध्य भारत में चल रहे विद्रोह में सीहोर की बर्बरतापूर्ण घटना को जलियांवाला बाग



हत्याकांड की तरह माना जाता है। 10 मई 1857 को मेरठ की क्रांति से पहले ही सीहोर में क्रांति की ज्वाला सुलग गई थी। मेवाड़, उत्तर भारत से होती हुई क्रांतिकारी चपातियां 13 जून 1857 को सीहोर और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच गयी थी। मंत्री वर्मा ने कहा कि सीहोर का यह स्थल हम सबके लिए पवित्र स्थान है।

इस अवसर पर विधायक सुदेश राय ने अमर शहीदों का स्मरण करते हुए कहा कि उनकी शहादत को अमर बनाए रखने के लिए इस स्थल का समग्र विकास किया जाएगा। यहां सामुदायिक भवन से लेकर सभी आवश्यक निर्माण एवं विकास के कार्य किए जाएंगे। विधायक राय ने 356 सैनिको की शहादत पर प्रकाश डालते हुए उस समय बनायी गयी सिपाही बहादुर सरकार का उल्लेख किया।

इसी तरह नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, प्रभारी कलेक्टर आशीष तिवारी, एसपी मयंक अवस्थी ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम स्थल पर छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत की प्रस्तुति की गई एवं मंत्री वर्मा ने बच्चों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य सीताराम यादव, राजकुमार गुप्ता, सूरसिंह बरेला, जसपाल अरोरा, आनंद गांधी सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा नागरिक उपस्थित थे।

## उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केन्द्रों पर पुनरीक्षण गतिविधियों का किया निरीक्षण

**निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप सभी कार्रवाई सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

**सीहोर।** उपमुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद शुक्ला ने सीहोर जिले की सीहोर विधानसभा के सीहोर नगर के तीन मतदान केंद्र तथा जमुनिया तालाब के दो मतदान केंद्रों में चल रहा है मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया।

उपमुख निर्वाचन पदाधिकारी शुक्ल ने मतदान केन्द्र में उपस्थित बीएलओ से मतदाता सूची में नाम जोड़ने तथा नाम काटने प्रक्रिया सावधानीपूर्वक करने को कहा ताकि कहीं कोई त्रुटि न हो। बीएलओ तथा संबंधित अधिकारियों से कहा कि 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी युवा मतदाओं का नाम सूची में जोड़ना सुनिश्चित करें।



शुक्ल ने मतदाता सूची, ईपीआईसी में विसंगतियों को दूर करने तथा जहाँ भी आवश्यक हो धुंधली, खराब गुणवत्ता वाली तस्वीरों को हटाकर अच्छी गणवत्ता वाली तस्वीरे सुनिश्चित करने वाली रोल करने के निर्देश दिए।

शुक्ल ने मतदान केन्द्रों के अनुभाग, भाग सीमा स्थान में प्रस्तावित पुनर्गठन को अंतिम रूप देना और मतदान केन्द्रों की सूची का अनुमोदन प्राप्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, डिप्टी कलेक्टर तन्मय वर्मा तथा तहसीलदार भारत नायक शाहिद संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### जनवासा में भागवत कथा का समापन

**सीहोर।** परम पावन नर्मदा तट स्थित ग्राम जनवासा में श्रीमद भागवत कथा का रविवार को समापन हुआ। आयोजन 8 जनवरी से चल रहा था। कथा व्यास वृंदावन के प्रसिद्ध कथा वाचक गुरु परिवार के श्री हित योगेन्द्र वल्लभ गोस्वामी थे। समापन दिवस पर कथा सुनाते हुए व्यास जी ने प्रद्युम्न की कथा सुनाते हुए कहा कि मात्र छह दिन में ही संभरासुर नमक राक्षस उठा कर ले गया। उस असुर ने उन्हें समुद्र में फेंक दिया। प्रद्युम्न को एक विशाल मछली ने निगल लिया। उस मछली को संभरासुर के रसोइए ने पकड़ लिया। जब उसे चीरा गया तो उसके पेट में से प्रद्युम्न जीवित निकले। उसके बाद व्यास जी ने भगवान का जामवती, सत्यभामा आदि से विवाह के प्रसंग सुनाए। कथा में सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, पूर्व विधायक अर्जुन पलिया पहुंचे और महाराजश्री का आशीर्वाद लिया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सोमवार को यज्ञ हवन के बाद भंडारे का आयोजन होगा।

## हनुमान फाटक पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा

# महिलाओं का अपमान नहीं करना चाहिए : पं. रविशंकर तिवारी

### द्रौपदी का अपमान हुआ तो महाभारत हो गया, सीता का अपमान हुआ तो रावण मर गया : पं रविशंकर तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हनुमान जी महाराज की कृपा से श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में हनुमान फाटक मंदिर परिसर कस्बा में भागवत भूषण पं रविशंकर तिवारी के श्रीमुख से श्रीमद भागवत कथा ज्ञान गंगा बह रही है। श्रीमद भागवत कथा सुननें के लिए सैकड़ों श्रद्धालु पहुंच रहे है। श्रीमद भागवत कथा वाचक पं रविशंकर तिवारी धार्मिक कथा प्रसंगों से जहां जनमानस में भक्ति का संचार कर रहे है वहीं समाज में फैली बुराईयों को भी समाप्त करने का प्रयास कर रहे है।

रविवार को व्यासपीठ से भागवत भूषण पं रविशंकर तिवारी ने स्त्री सम्मान की रक्षा को प्रोत्साहन देते हुए कहा कि महिलाओं को सम्मान प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए सनातन धर्म में महिलाऐं देवीरूपा है उन्होने कहा कि पाडंवों में जूआं खेलने की बुरी लत थी जिस कारण युधीष्ठर जैसे धर्मराज और अर्जुन जैसे धनुरधारी ने पंचाली द्रोपदी को दाव पर लगा दिया था जिस के उपरांत द्रौपदी का भरी सभा में दुशाषन के द्वारा अपमान हुआ भगवान श्री कृष्ण ने उनकी रक्षा की परंतू महाभारत जैसा युद्ध हो गया। माता सीता का भी अपमान हुआ था जिस के उपरांत भगवान श्रीराम को लकापति रावण सहित उनके पूरे कूल को समाप्त करना पड़ा था। इस लिए मातृशक्ति का अपमान भूलकर भी नहीं करना चाहिए।



**केवल भाव के भूखे है भगवान :** राजा परिक्षित सुखदेव महाराज की कथा सुनाते हुए पं रविशंकर तिवारी ने कहा कि हर किसी को भागवान की कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त नहीं होता है जिस के पुण्य फलित होते है जिस पर भगवान की कृपा होती है वहीं श्रीमदभागवत कथा श्रवण करने के लिए कथा पंडाल तक पहुंचता है, उन्होने कहा कि भगवान काफी सरल है केवल भाव के भूखे है भाव से अंतरआत्मा से जो भी भगवान को स्मरण करता है भगवान उस के हो जाते है। श्री तिवारी ने कहा कि महाभारत युद्धा को रूकवाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण धुर्योधन के महल में पहुंचे थे धुर्योधन ने भगवान का सत्कार करने के लिए पकवान बनवाए थे परंतु भगवान ने धुर्योधन के यह भोजन करना उचित नहीं समझा और विदर जी के यह उनकी झोपड़ी में भोजन करने पहुंच गए यह पर विदुर रानी के द्वारा भक्ति भाव से खिलाए गए केलों के छिलके ग्रहण कर भी भगवान प्रसन्न हो गए।

**प्रसाद प्रभु के साक्षात दर्शन के सामान :** कथा के दौरान पं रविशंकर तिवारी ने भगवान के प्रसाद का महत्व बताते हुए कहा की दुकान से लाईगई मिठाई मंदिर में प्रभू के समक्ष पहुंचते हीं प्रसाद हो जाती है। मिठाई को खाने से कई बार लोग शुगर के चलते मना कर देते है परंतू प्रसाद रूपी मिठाई को सहर्ष ग्रहण कर लेते है। प्र से प्रभु सा से साक्षात और द से दर्शन ही भगवान का प्रसाद प्रभु के साक्षात दर्शन के सामान है इस लिए कभी भगवान के प्रसाद का अनादर नहीं करना चाहिए।

**कथा में होगा कन्या का विवाह तैयारियां शुरू :** हनुमान फाटक मंदिर परिसर में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के दौरान भागवत भूषण पं रविशंकर तिवारी के सानिध्य में श्रीकृष्ण रुकमणी मंगल विवाह के समय कस्बा निवासी कुमारी मानसी पुत्री बाबूदास बैरागी का विवाह राहुल पुत्र मनोहर दास बैरागी ग्राम गुराडिया के साथ सम्पन्न होगा। विवाह में कन्यादान करने को लेकर शहर के दानदाताओं में खुशी का माहौल बना हुआ है। दानदाता श्रद्धाभाव से कन्या पूचन के लिए सामग्री प्रदान कर हे है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन कथा सुनने के लिए पहुंचे मुख्य यजमानों के द्वारा भागवत जी की आरती की गई प्रदान का वितरण किया गया।

## लगातार 11वें वर्ष शासकीय लिपिक वर्गीय कर्मचारी संगठन के वार्षिक कैलेंडर का विधायक सुदेश राय ने किया विमोचन



**सीहोर।** शासन से मान्यता प्राप्त लिपिक वर्गीय कर्मचारी संगठन जिला शाखा सीहोर के वार्षिक कैलेंडर 2024 का विमोचन सीहोर के लोकप्रिय ऊर्जावान विधायक सुदेश राय द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुदेश राय जी द्वारा कर्मचारी संगठन को नए वर्ष की बधाइयां शुभकामनाएं दी गई एवं हमेशा संगठन के हित के लिए सहयोग देने का आश्वासन दिया गया एवं संगठन की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली गई।

इस अवसर पर लिपिक वर्गीय कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष दिग्विजय सिंह राजपूत जिला सचिव अंशुल शर्मा कार्यकारी जिला अध्यक्ष अंकुर शर्मा कोषाध्यक्ष अक्षय जैन वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलीप सिंह राठौड़ , अजय मालवीय, आदर्श शास्त्री, वरिष्ठ मार्गदर्शक एवं सेवानिवृत्ति सुंदरलाल राठौर, विशाल कौशल, विशाल शर्मा, कमलेश विलवार, अर्चना राठौर मनोज गुप्ता ,सुमित गिरोंदिया , मुकेश शर्मा, अरविंद साहू, सूरज धामेजा, अनिमेष वाथव सूरज त्रिपाठी सुमित मालवीय, प्रवेश वर्मा मिथिलेश उईके मनीष दायमा राजेश खन्ना , अखिल शर्मा, नीरज खरे, अमन उपायाय, संतराम जाटव, रवि विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे। तत्पश्चात संगठन द्वारा सीहोर में स्थित शासकीय कार्यालय में लिपिक साथियों को कैलेंडर भेंट किया।

### अब कॉलेज में खुलेगा विद्यार्थी का एबीसी खाता

**सीहोर।** जिस तरह देश के हर नागरिक के लिए आधार कार्ड जरूरी है, उसी तरह अब हर विद्यार्थी का एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) खाता खुलेगा। इसमें उसकी पढ़ाई का पूरा रिकार्ड रहेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने सभी विद्यार्थियों के लिए यह अनिवार्य किया है। एबीसी एक प्रकार की बैंक है जिसमें हर विद्यार्थी की प्रत्येक परीक्षा का रिकार्ड हमेशा के लिए स्टोर रहेगा। इसी बैंक के आधार पर अब विद्यार्थी को देश-विदेश में कहीं भी आगे पढ़ाई करनी हो या कहीं नौकरी में जाना हो तो उसे मार्कशीट और डॉक्यूमेंट साथ लेकर चलने की जरूरत नहीं रहेगी।

## भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में चलाया गया विशेष सफाई अभियान



**सीहोर।** अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को प्रस्तावित भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। इसी क्रम में 14 से 21 जनवरी, 2024 के मध्य शासन के आदेश अनुसार सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

जिले के सभी घाटों, मंदिरों आदि में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधनी के प्रमुख नर्मदा नीलकंठ घाट इसी के साथ ग्रामपंचायत मठ्ठा घाट, सरदार नगर, नीलकंठ राम मंदिर मोलगा, आदि पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर भेरून्दा तहसील राजस्व अनुविभागीय अधिकारी मदन सिंह रघुवंशी, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दीपक कपूर, नगर परिषद सीएमओ प्रफुल्ल गठरे, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर एवं जनपद पंचायत सीईओ प्रबल अज़रिया, नगर परिषद टीम एवं ग्राम पंचायत सरपंच सहित गणमान्य नागरिकों द्वारा श्रमदान किया गया।

## रिटेल ट्रेड में टीम वर्क पर व्याख्यान का आयोजन



**भैरूंदा।** सी.एम. राइज़ विद्यालय में शासन द्वारा संचालित व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत रिटेल ट्रेड में टीम वर्क पर व्याख्यान हुआ, जिसमे बी.के. नेहा लखेरा ने कक्षा 9 वी से लेकर 12 वी तक के विद्यार्थियों को ₹टीम वर्क से व्यवसाय में सफलता₹ विषय पर मार्गदर्शन प्रदान किया, उन्होंने छात्र-छात्राओं को टीम की महत्वता के साथ एक अच्छी टीम में किन विशेषताओ का होना ज़रूरी है तथा टीम भावना को लेके कैसे आगे बढा जाए इस पर प्रकाश डाला। बी.के नेहा लखेरा ने बताया कि टीम को शक्तिशाली बनाने के लिए विशेष टीम सदस्यो की आपस मे सोच मिलना, तालमेल होना, परस्पर संवाद एवं सम्मान होना बेहद ज़रूरी है।

## सामूहिक सूर्य नमस्कार और प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**सीहोर।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर शास. स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल मंडी सीहोर में प्रातःकाल सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्रीय पार्षद अनुषा-विशाल राठौर द्वारा सम्मानित कर पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मांगीलाल, अर्जुन वर्मा, जगदीश दुबे उपस्थित रहे। समारोह में प्राचार्य डॉ. हेमलता राठौर, पी.के. शर्मा सरोज मालाकार, शिवराज पंवार, शैलेन्द्र सिसोदिया, शर्मिला जैन, कुमारी सिंह, अमिता कसोटिया, ज्योति राठौर, राजमल वर्मा एवं समस्त स्तफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन डी.पी.एस. गौतम एवं आभार आर.के. शर्मा ने व्यक्त किया।



## बच्चों को निःशुल्क वितरित की पाठ्य सामग्री



**सीहोर।** लोधी मोहल्ला गंज सीहोर निवास लोधी परिवार के अभिषेक लोधी व उनके परिजनों द्वारा उनके पिता स्वर्गीय डॉ.राजेन्द्र सिंह लोधी की स्मति में उनकी पूण्यतिथि के अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्कूली बच्चों को शिक्षण सामग्री बांटकर रविवार को श्री लोधी की नवी पुण्य तिथि पर उन्हें याद किया एवं उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की।

प्रदेश युवक कांग्रेस सचिव राजीव गुजराती, जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित विभाग जिलाध्यक्ष सुमित नर्रे ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर दिवांगत डॉ.स्वर्गीय राजेन्द्र सिंह लोधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली अर्पित कर श्रीमति पुष्पा लोधी और उनके बच्चे जया लोधी, सिमरन लोधी, चेतना लोधी और अभिषेक लोधी को सांतवना दी एवं डॉ. स्वर्गीय राजेन्द्र सिंह लोधी की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा उनकी पुण्यतिथि पर किए जा रहे कार्य की सराहना भी की। डॉ. स्वर्गीय राजेन्द्र सिंह लोधी की स्मृति में स्कूली बच्चें को शिक्षण सामग्री में कंपास, पेन, पेंसिल, कापी सहित अन्य साम्रगी प्रदान की गई।

## 356 वीर शहिदों की याद में हुआ काव्य और विचार गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्थानीय सेकड़ाखेड़ी जोड़ समाधी स्थल पर राष्ट्रीय कवि संगम जिला इकाई सीहोर एवं जन सहयोग सेवा समिति , सीहोर के संयुक्त तत्वावधान में मकर सक्रांति, रविवार, 14 जनवरी के दिन शहीद हुए 356 सैनिकों की पुण्यतिथि पर काव्य एवं विचार गोष्ठी का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरूषेन्द्र शर्मा ने की। विशेष अतिथि के रूप में हिन्दु उत्सव समिति के अध्यक्ष आशीष गुप्ता उपस्थित रहे। सर्वप्रथम वीर शहिदों के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। सरस्वती वन्दना युवा कवि लक्ष्मण चौकसे ने की एवं काव्यगोष्ठी का संचालन डॉ. विजेन्द्र जायसवाल ने किया। तत्पश्चात उपस्थितजनों द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए अरूषेन्द्र शर्मा ने कहा कि सिद्धपुर की वीर धरा पर भारत का पहला स्वतंत्रता का आंदोलन सबसे दमदारी के साथ लड़ा गया था। आशीष गुप्ता ने कहा कि दिनांक 6 अगस्त 1857 से लेकर 14 जनवरी 1858 तक पूरे 06 माह हम पूरे सिद्धपुरवासी देश में एकमात्र स्वतंत्र सरकार सिपाही बहादुर की इस गौरव गाथा को सीहोर कैसे भूल सकता है। यहाँ अंग्रेजों की छावनी में ही भारतीयों ने सारे अंग्रेजों को खदेडक़र भगा दिया था और सिद्धपुर को आजाद करा लिया था। उपस्थित कवियों ने कविता के माध्यम से वीर सपूतों को शब्द रूपी श्रद्धासुमन अर्पित किये। उपस्थित कविगणों में हरिओम दाऊ शर्मा, डॉ. विजेन्द्र जायसवाल, लक्ष्मण चौकसे, धर्मराज देशराज, प्रदीप चावड़ा, पंकज ठाकुर, अनूप चौधरी, महेश कुमार, भगत सिंह तोमर, भूपेन्द्र राय आदि ने काव्यपाठ कर काव्यगोष्ठी को ऊंचाई प्रदान की। अंत में आभार राष्ट्रीय कवि संगम जिलाध्यक्ष लक्ष्मण चौकसे ने व्यक्त किया।



## स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर विद्यार्थी परिषद ने किया इंटर कॉलेज भाषण प्रतियोगिता

**भैरुंदा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई भैरूंदा द्वारा नगर के शास . विवेकानद महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जी की 161 वी जयंती पर इंटर कॉलेज भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमे अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया है नगर की विभिन्न महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमे अलग अलग विषय थे 1. स्वामी विवेकानंद जी, 2.युवा की समाज में भूमिका, 3.राष्ट्रवाद, 4.युवाओं का पतन नशा,5. देव भूमि भारत माता इन सारे विषय में से विद्यार्थियों ने भाषण प्रस्तुत किए जिसमें अतिथिओ में महाविद्यालय जन भागीदारी अध्यक्षता रानी पारस वर्मा , महाविद्यालय प्रोफेसर श्याम लाल मीणा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व एसएफडी प्रमुख राजदीप जी सोनी, भैरुंदा भाग संयोजक शैलेन्द्र सिसोदिया (बंटू)जी उपस्थित थे स्वागत अभिबोदक के रूप में भाग संयोजक शैलेन्द्र सिसोदिया द्वारा विद्यार्थी परिषद की जानकारी देते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर प्रतिवर्ष विश्व में कार्यक्रम होते हैं इसके निमित्त इकाई भैरुंदा द्वारा आयोजित भाषण प्रतियोगिता के बारे में बताया कि विद्यार्थी परिषद समय समय पर विद्यार्थियों के मानसिक बौद्धिक विकास का कार्य करती है। में प्रतियोगिता में विभिन्न विषय उन पर अपने विचार रखे इसके बाद प्रतिभागी द्वारा एक निश्चित समय सीमा में अपने भाषण की प्रस्तुति दी प्रवक्ता के रूप में उपस्थित राजदीप सोनी ने स्वामी विवेकानंद जी के संपूर्ण चरित्र पर अपना बौद्धिक दिया इसी के साथ महाविद्यालय जन भागीदारी अध्यक्षता व प्रोफ़ेसर मीना विद्यार्थियों के अपने विचार व्यक्त किए अंत में निर्णायक द्वारा प्रतिभागियों में से ही प्रथम आरती केवट , द्वितीय शालिनी यादव, तृतीय रोशनी केवट और तीन विशेष पुरस्कार ऋषि अग्रवाल, पूर्ति मालवीय ,स्मिता बरखने को दिया गया एवं सारे प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया कार्यक्रम का मच संचालन नगर अध्यक्ष संदीप द्वारा तथा आभार नगर मंत्री नितेश द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थी व प्रमुख कार्यकर्ता में अजय धावरे , अंशुल कटारे, सत्यम राठोर, अनंत पाराशर , विनोद सेन, ऋषि दरबार, राहुल राजपूत, अनुराग जाट, देवेंद्र राजपूत, पवन, लक्की, गोरव सोनी, नागेश, विकास, आकाश, संजय, हर्ष, पुष्पेंद्र , अरुण, दीपक , प्रशांत उपस्थित थे।



### 2.63 करोड़ की लागत से बनेगा 2.15 किमी मार्ग

# कुबेरेश्वरधाम जाने वाली सड़क का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने जिला मुख्यालय के समीप कुबेरेश्वर धाम से चितावलिया तक 2.15 किमी मार्ग का भूमि पूजन किया। यह मार्ग 2 करोड़ 63 लाख की लागत से बनेगा।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि कुबेरेश्वर धाम से चितावलिया तक बनने वाले इस मार्ग का जल्द ही निर्माण पूरा किया जाएगा। मार्ग के बन जाने से मंदिर तक जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तथा प्रदेश तेजी से विकास हो रहा है सभी आवश्यक निर्माण कार्यों एवं योजनाओं को लागू किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत की कल्पना को साकार करने का काम किया जा रहा है। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय ने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। विकास के सभी कार्य तेजी से किए जाएंगे । इस अवसर पर भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य सीताराम यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष नावड़ी बाई, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारी यशवंत सक्सेना सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।



## कुबेरेश्वरधाम पर मनाया जा रहा दो दिवसीय संक्रांति का पर्व

**सीहोर।** इस साल भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में रविवार को मकर संक्रांति महापर्व का दो दिवसीय कार्यक्रम का श्रीगणेश किया गया। इस मौके पर सुबह 51 सौ से अधिक लड्डू और करीब पांच क्विंटल से अधिक खिचड़ी का भोग लगाकर यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को वितरण किया। सोमवार को भी धाम पर मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा और यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को तिल-गुड़ के लडडू और खिचड़ी का वितरण का सिलसिला चलता रहेगा। रविवार को सुबह मंदिर परिसर के पीछे भागवत भूषण पंडित श्री मिश्रा अचानक पहुंचे यहां पर पहले से ही बच्चे पतंग उड़ा रहे थे, उनके अनुरोध पर कुछ देर के लिए पतंगबाजी की। ग्रामीण क्षेत्र सहित शहरी क्षेत्र में मकर संक्रांति पर्व पर पतंग उडाने का सिलसिला जारी रहा। रविवार की सुबह अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के साथ यहां पर मौजूद हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सुबह आरती की और उसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि मकर संक्रांति के दो दिन पूर्व से लड्डू बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, समीर शुक्ला और आशीष वर्मा सहित अन्य ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया।





अस्पताल में उपलब्ध फ्री दवाओं की जगह मरीजों को लिखी जा रही उसी तरह के कंपोजिशन के बाहरी इंजेक्शन

# गरीब मरीजों से वसूली जा रही जिम्मेदार डॉक्टर द्वारा फीस और दवाओं के नाम पर मोटी रकम

## सरकार की जनहितैषी स्वास्थ्य योजनाओं को जिम्मेदार लगा रहे चूना, सिविल सर्जन बोले करवाएंगे जांच





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

स्वास्थ्य सेवाओं को जिले से लेकर ग्रामीण स्तर पर बेहतर बनाने के सरकार के तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। जिसमें सरकारी अस्पतालों में आने वाले गरीब मरीजों को सैकड़ों तरह की दवाओं से लेकर 75 तरह की जांचे फ्री होती हैं। फिर भी जिला अस्पलात में पदस्थ डॉक्टर सरकार की योजनाओं में भी अपना फायदा और मरीजों को आर्थिक नुकसान पहुंचाने में लगे हुए हैं। ताजा मामला जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ योगेश दांगी का है जो जिला अस्पताल के मरीजों को फ्री मिलने वाली दवा और इंजेक्शन की जगह सिर्फ अपने निजी क्लीनिक पर मिलने वाले इंजेक्शन लेने को मजबूर कर देते हैं। और उसके बदले में मरीजों से फीस एवं दवाओं की राशि वसूली जाती है। जहां सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से फ्री इलाज को लेकर बचनबद्ध है। वहीं जिम्मेदार डॉक्टर सरकार की योजनाओं और मरीजों को चूना लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

### ओपीडी में कम निजी क्लीनिक पर देते हैं ज्यादा समय

यदि ओपीडी में मरीजों को देखने के लिए निश्चित किए गए समय और डॉ दांगी के आने जाने के समय की जांच करवाई जाए तो लगभग आधे समय ही सरकारी ड्यूटी पर नजर आते हैं। अधिकतर समय अपनी निजी क्लीनिक पर ही नजर आते हैं जिससे सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को मजबूरी में निजी अस्पतालों या क्लीनिकों का रूख करना पढ़ता है।

### राउंड पर भी निजी क्लीनिक से भर्ती किए गए मरीजों पर रहता है विशेष ध्यान

डॉक्टर दांगी कम समय के लिए ही सही जब जिला अस्पताल की ओपीडी में होते हैं तो अधिकतर समय वार्डों में राउंड पर रहकर अपने ही निजी क्लीनिक से भेजे गए और भर्ती किए मरीजों को देखने में निकाल देते हैं, जिससे अस्पताल में आए नए मरीजों की बीमारी को देखने का मौका कम मिल पाता है और मरीजों को निजी क्लीनिक पर जाना मजबूरी हो जाता है। डॉ दांगी द्वारा निजी क्लीनिक पर आने वाले मरीजों को लिखे जाने वाले एंटीबायोटिक गैस एवं बीमारियों में प्रयोग होने वाले इंजेक्शन जहां सरकारी अस्पताल में मरीजों के लिए फ्री में उपलब्ध हैं। वहीं उन्हें उसी कंपोजिशन के दूसरे इंजेक्शन लिखकर अपनी निजी स्वार्थ के लिए मरीजों पर आर्थिक बोझा डाल रहे हैं जो शासकीय नौकरी में रहते हुए किसी भी डॉक्टर के लिए उचित नहीं कहा जा सकता।

### राजगढ़ में किसी दूसरे मेडिकल स्टोर पर नहीं मिलते यह इंजेक्शन

इसको विडम्बना ही कहा जाए कि मरीजों को लिखे जाने वाले इंजेक्शन सिर्फ डॉ योगेश दांगी की क्लीनिक में संचालित होने वाले मेडिकल स्टोर पर मिलते हैं शहर के किसी और मेडिकल स्टोर पर नहीं मिलते। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि सरकारी नौकरी के बाद भी चंद डॉक्टर अपने फायदे के लिए सारे हथकंडे अपनाते है उन्हें गरीब मरीज की आर्थिक स्थिति से उनका कोई लेना देना नहीं होता। शायद तभी सरकारी इंजेक्शनों का उपयोग मरीजों के उपचार में कम किया जा रहा है।

### जांच करवाएंगे

इसके बारे में संबंधित से पूछना पड़ेगा और यदि जरूरत हुई तो जांच करवाएंगे।

**डॉ पीके जैन,** प्रभारी सिविल सजृन

### दूसरी जगह चले जाते हैं...

मरीजों को यदि दो दिन में फायदा नहीं दिखता तो वह दूसरी जगह चले जाते हैं, इसलिए हमें बाहर के इंजेक्शन का उपयोग भी करना पड़ता है।

**डॉ योगेश दांगी,** राजगढ़

# सरपंचों ने समस्याओं को लेकर मंत्री को सौंपा मांगपत्र

## जनपद पंचायत में हुई सरपंच संघ की बैठक में मंत्री टेटवाल बोले- विधानसभा के विकास के लिए साथ मिलकर करेंगे कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सरपंचों का दुख मैं समझता हूं, हर समस्या का हल कराने के लिए तत्पर हूं। आप सभी 98 पंचायत के सरपंच, 2 सारंगपुर और पचोर परिषद अध्यक्ष तथा एक मैं, हम सब मिलकर 101 है और विधानसभा के विकास के लिए काम करेंगे।

मैंने कल जिला पंचायत की बैठक में कह दिया है कि अब सारंगपुर को कोई भी बेचारा मत समझना, मैं सारंगपुर की लड़ाई लड़ूंगा। ग्राम पंचायतों को और मजबूत बनाया जाएगा। सरपंचों की समस्याओं को भी दूर किया जाएगा। जिला स्तर की जो समस्या है इसको लेकर अधिकारियों को पत्र लिखेंगे और प्रदेश स्तर की समस्या के लिए पंचायत मंत्री से मिलकर समाधान कराएंगे। उक्त बात सरपंच संघ की ओर से जनपद पंचायत सारंगपुर सभाग्रह में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित मप्र शासन के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री एवं सारंगपुर विधायक गौतम टेटवाल ने सरपंच संघ के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरकार पंचायतों को मजबूत बना रही है। और आगे उन्होंने समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया।

### सरपंचों ने रखी यह समस्या, निदान की रखी मांग

समस्या रखते हुए 7 सूत्रीय मांगे रखी। उन्होंने कहा कि मप्र शासन के द्वारा रोजगार सहायक के स्थानांतरण होने की निति लागू हो गई है जो कि रोजगार सहायकों के स्थानांतरण होने के आदेश तत्काल प्रदान किये जाए, ग्राम पंचायतो में सुधुर सड़क, स्टापडेम, चेकडेम, नवीन तालाब स्वीकृत किये जाए। वृद्धावस्था पेंशन में बीपीएल पात्रता समाप्त हो और नवीन बीपीएल बनाने के आदेश दिए जाए, पशु सेट निर्माण व्यवस्था लागू हो, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्कूल स्टाप सभी कि उपस्थित पर सरपंच के हस्ताक्षर से हो, आंतरिक मार्ग की योजना पूनरू चालू की जाए, हितेषी कुप निर्माण प्रति एक ग्राम पंचायत में संख्या बड़ा कर 10 की जाए तथा खाद्यन्न पात्रता पर्ची जारी कराई जाए। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा जिला प्रभारी निर्मल जैन, जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, सरपंच संघ प्रदेश अध्यक्ष गोपाल सिंह पंवार, मंडल अध्यक्ष सतीश बैस, घनश्याम नागर, जपं सीईओ प्रमोद कुमार सिंह आदि मंचासीन थे।

# राम भक्तों ने 22 जनवरी को हर घर दीपोत्सव मनाने किया आग्रह

## विहिप, बजरंग दल एवं दुर्गावाहिनी की टोली पहुंची द्वार-द्वार



**राजगढ़।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के नवनिर्मित मंदिर में प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन होना है। इस एतिहासिक दिवस को दीपावली की तरह मनाने विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल एवं दुर्गावाहिनी से जुड़े युवक-युवतियां घर-घर, द्वार-द्वार पहुंचकर लोगों से आगृह कर रहे हैं। रामभक्तों की यह टोली स्थानीय फलौदी कॉलोनी, बालाजी नगर, शिवप्रताप नगर के घरों में पहुंची और वहां अक्षत वितरण किया। लोगों से आगृह किया गया कि 22 जनवरी को अपने-अपने घरों को दीपों से सजाएं, रंगोलियां बनाएं, हनुमान चालीसा का पाठ करें व सुविधा अनुसार अन्य धार्मिक आयोजन संपन्न करवाएं। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय, जिला कोषाध्यक्ष बृजकिशोर अनंत, जिला सत्संग प्रमुख पं. गगन दुबे, पंडित अमित तिवारी, हरीश सेन, सागर मेवाड़े, संतोष सिंह राणा, मुस्कान भलवाला, हर्षिता नारोलिया, रुचि प्रजापति, हर्षित मेवाड़े, प्रणव सिंह राणा, साहिल मेवाड़े सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# उत्कृष्ट विद्यालय में किया सूर्य नमस्कार का आयोजन

**जीरापुर।** उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी सहित जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी और छात्रों की उपस्थिति में दूरभाष टेलीविजन के माध्यम से सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव का संदेश का प्रसारण सुना। योग शिक्षिका संतोष विश्वकर्मा एवं योग प्रभारी गोवर्धनलाल वर्मा , अरविंद बंसल द्वारा योग अभ्यास करवाया गया। विधायक हजारीलाल दांगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रतिदिन प्राणायाम एवं योग क्रिया स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है इसे नियमित करना चाहिये योग से शारीरिक पीड़ा समाप्त होती है। **योग के कार्यक्रम में पूरे समय विधायक दांगी ने योग किया:** इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विष्णुसिंह पवांर, ईश्वरसिंह तोमर,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा, तहसीलदार आरपी सिंह, बीईओ जगदीश बैरागी, बीआरसी गजेन्द्र शर्मा, उत्कृष्ट प्राचार्य विनोद कुमार चौधरी सहित स्टाफ जनप्रतिनिधि एवं छात्र उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री टेटवाल ने नगरीय क्षेत्रों के विकास कार्यों का किया भूमि पूजन



**सारंगपुर।** नगर पालिका परिषद सारंगपुर द्वारा शनिवार को नगरीय क्षेत्रों के वार्डों में विकास कार्यों का भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मध्य प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार, मप्र शासन भोपाल एवं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल की अध्यक्षता में नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 16 सुदर्शन नगर में गोपाल सोनी के मकान से राधा कृष्ण मन्दिर तक सीसी रोड निर्माण कार्य एवं वार्ड क्रमांक 17 तारागंज में मुख्य मार्ग से गुप्तेश्वर मन्दिर तक सीसी रोड निर्माण कार्य तथा वार्ड क्रमांक. 15 कस्तूरबा छात्रावास के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य लगभग राशि 25 लाख के निर्माण कार्यो का भूमि पूजन किया गया।

इस अवसर पर मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा कहा गया कि हम नगर सारंगपुर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्य के लिए लगातार प्रयासरत रहेंगे तथा नगर में अधिक से अधिक विकास कार्यों हेतु नगरपालिका को शासन से राशि प्रदाय हेतु प्रयत्न करेंगे । इस दौरान निर्मल जैन,भाजपा जिला उपाध्यक्ष अक्षय सक्सेना पार्षद सुनील राधेश्याम बागवान, कमल शर्मा, आशुतोष वैध, रमेश पुष्पद कंपू, सिदधुलाल पुष्पद, गोपालपाल, कुलदीप राठौर,भानुसिंह लववंशी, योगेश महेश्वरी, प्रदीप पंवार सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम में भाग लिया

# स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर आगे बढ़े युवा : मंत्री नारायण सिंह

**ब्यावरा।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शुक्रवार को उत्कृष्ट विद्यालय में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पंवार पहुंचे। स्कूल प्रबंधन के द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस दौरान मंत्री ने बच्चों के साथ सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री पंडित अमित शर्मा, भाजपा वरिष्ठ नेता रामनारायण दांगी,जनपद अध्यक्ष जगदीश गुर्जर, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंदन अग्रवाल, भाजपा नेता राजू यादव सहित युवा साथी उपस्थित रहे।

### राज्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिभा पर माल्यार्पण कर किया नमन

भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवा दिवस के रूप में स्थानीय नगर पालिका परिसर में स्वामी की मूर्ति पर माला पहनकर स्वामी विवेकानंद अमर रहे नंद के आनंद की जय विवेकानंद की ऐसे युवाओं द्वारा जय घोष किया गया।

### राज्यमंत्री पंवार ने युवाओं को दिया संदेश

विद्यार्थियों और युवाओं से संवाद करते हुए राज्यमंत्री पंवार ने कहा कि जब भी हम स्वामी विवेकानंद का नाम लेते हैं तो अपने आप हमें एक ऊर्जा से सराबोर अलौकिक चेहरा अपनी आंखों के सामने नजर आता है। स्वामी विवेकानंद ने जो सपना देखा था, आज वह साकार हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में दुनिया देख रही है कि भारत आज पूरे विश्व में अपनी साख एवं धाक बना रहा है। शारीरिक व्यायाम और योग हमें प्रतिदिन करना चाहिए, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम कोलवा व पोचनेर में लगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल








विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले की जनपद पंचायतों के विभिन्न ग्रामों में शिविरों का दौर लगातार जारी है। इसीके तहत रविवार को जनपद पंचायत कालापीपल की ग्राम पंचायत कोलवा एवं पोचनेर में शिविर में विधायक घनश्याम चंद्रवंशी अतिथि के रूप में उपस्थित थे। शिविर में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभांवित भी किया गया। शिविर में आमजनों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीण जनों को देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया गया। शिविर के दौरान स्थानीय नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के अलग-अलग स्टॉल भी लगाए गए थे।

इस अवसर पर शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी साझा किए। इसके साथ ही यात्रा के साथ चल रहे प्रचार रथ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का प्रसारण किया गया। प्रचार रथ में एलईडी द्वारा केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी गई। कृषि विभाग द्वारा ड्रोन का प्रदर्शन कर ग्रामीणों को तकनीकी के माध्यम अपनी फसलों में कीटनाशक व अन्य दवाई छिड़कने की आसान विधि से अवगत कराया।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की सायंकालीन राम जागरण फेरी शुरू



**नरसिंहगढ़।** प्रखंड नरसिंहगढ़ में नगर नरसिंहगढ़ सहित ग्राम इकाईयो में भी राम जागरण सायाकालीन फेरी निकल जा रही है। नगर के उन स्थानों से उन गलियों से जहां तक आज तक कोई धार्मिक यात्रा कोई शोभा यात्रा नहीं निकली न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा ऐसे स्थान पर भी भजन कीर्तन करते हुए समाज में एक भक्ति भाव का वातावरण बने सभी रामजी के आदर्श को धारण करें नगर में एक धार्मिक वातावरण स्थापित हो। साथ ही 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम जी के मंदिर निर्माण प्राण प्रतिष्ठा से पहले सभी मंदिर नगर के मोहल्ले के चैक चैराहे की सफाई सजा सजावट हो समाज से ऐसा भी निवेदन किया जा रहा है।

कलेक्टर और एसपी ने बुरे व अवैध कार्यों में लिप्तजनों को दी समझाइश

# आपराधिक प्रवृत्ति की दिशा बदलने कड़ियासांसी में लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-पीपल्या रसोडा

जिले में कुछ गांव ऐसे हैं जिनमें निवासरत लोग दशकों से अवैध शराब के कारोबार सहित अन्य तरह के अपराधों में लिप्त हैं। जिले के ऐसे ही सांसी समाज बाहुल्य कड़ियासांसी ग्राम में शनिवार को पुलिस एवं प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से विशेष तरह का शिविर आयोजित करवाय गया। शिविर में मौजूद कलेक्टर हर्ष दीक्षित, पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने लोगों से संवाद किया। अधिकारीद्धय ने अपने-अपने उद्धबोधनों में सांसी समाजजनों को बताया कि वे गलत एवं अवैध कामों को छोड़ें। अन्य प्रकार के रोजगार स्थापित करने में प्रषासन उनकी पूरी मदद करेगा। शासन की अनेकों ऐसी योजनाएं हैं जिनका लाभ लेकर कोई भी व्यक्ति छोटा, बड़ा कारोबार कर सकता है। अधिकारियों ने समाजजनों से कहा कि कारोबार करने के लिए अगर शासन की सब्सिडी वाली योजनाओं से आपको अल्प ब्याज पर ऋण आदि भी उपलब्ध करवाया जाएगा।

इस मौके पर उपस्थित विधायक मोहन शर्मा, जिला पंचायत सीईओ अक्षय तेम्रवाल ने भी सांसी समाजजनों को बताया कि वे किस तरह से अपना और अपने बच्चों, युवाओं का जीवन बदल सकते हैं। अपराधों को छोड़कर कैसे एक अच्छा कारोबार कर अपना और आने वाली पीढ़ी का जीवन बेहतर बना सकते हैं।

### बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की दी समझाइश

कलेक्टर दीक्षित ने सांसी समाजजनों से कहा कि आप अपने बच्चों को शिक्षित कीजिए। अगर बच्चे पहले से पढ़ रहे हैं तो उन्हें उच्च शिक्षा दिलवाईये, ताकि वे उच्च पदों पर आसीन हो सकें। अगर बच्चे, युवा अच्छे कामों से जुड़े, अफसर बनेंगे तो समाज का नाम बढ़ेगा और गांव के नाम पर लगा अपराध का कलंक भी दूर होगा।




### देह व्यापार से जुड़े गांवों में भी लगेगा शिविर

नरसिंहगढ़ क्षेत्र में कुछ गांव ऐसे भी हैं जहां की महिलाएं देह व्यापार से जुड़ी हैं। सालों से ये महिलाएं अपना और परिवार का पेट पालने के लिए इस अनैतिक से संलग्न हैं। इन गांवों में भी आने वाले दिनों में शिविर लगाए जाएंगे व अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। महिलाओं को आजीविका मिशन के जरिए योजनाओं का लाभ दिलवाया जाएगा। महिलाओं के समूह बनाकर उन्हें अचार, पापड़ व अन्य दूसरे काम करने जो भी मदद हो सकेगी, वह दिलवाई जाएगी।

### इन गांवों में भी लगेंगे ऐसे शिविर

जिले के पचोर एवं बोड़ा थानाक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गुलखेड़ी, हरिपुरा, कंजरपुरा, नई दिल्ली सहित कुछ अन्य गांवों में रहने वाले अधिकांश लोग बुरे एवं गलत कामों से जुड़े हुए हैं। अधिकतर लोग



अवैध, कच्ची शराब का कारोबार करते हैं। यह शराब आमजनों के लिए बहुत ज्यादा घातक होती है। उक्त ग्रामों के कुछ लोग लूट, डकैती जैसे बड़े अपराधों में भी लिप्त हैं।

### युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ेंगे

अवैध शराब व अन्य अपराधों में लिप्त युवाओं को खेल गतिविधियों से भी जोड़ा जाने की पहल पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही है। कटारियाखेड़ी एवं नई दिल्ली में व्हॉलीबॉल, हरिपुरा में ऐथेलेटिक्स, गुलखेड़ी में फुटबॉल, हुलखेड़ी में कबड्डी, कड़ियासांसी में व्हॉलीबॉल, सलाई में कबड्डी, कंजरपुरा में व्हॉलीबॉल, माचलपुर में कबड्डी आदि खेल गतिविधियां, प्रशिक्षण करवाए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### नगर में पूजित अक्षत वितरण अभियान ने पकड़ी रफ्तार



**आष्टा।** बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद का घर-घर अक्षत वितरण अभियान अब रफ्तार पकड़ गया है। अनेक टोलियां भजन एवं श्रीराम की जयघोष करते हुए हजारों घरों में पहुंच चुकी है। टोली में शामिल सदस्यों ने परिवार के सदस्यों को पूजित अक्षत, राम चित्र, राम मंदिर का फोटो देकर आमंत्रित किया। विश्व हिंदू परिषद के गोपालदास राठी ने बताया कि नगर में 22 जनवरी को घर-घर दीपावली मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस दिन घर-घर में मीठे पकवान बनाकर विजय मंत्र का जाप के साथ भजन-कीर्तन करें। साधु संतों का भी सानिध्य प्राप्त हो रहा है।

### ग्राम बमुलिया रायमल में हर घर पहुंचे निमंत्रण



**जावर।** जावर तहसील के ग्राम बमुलिया रायमल में प्रत्येक घर अयोध्या से आए पीले चावल रूपी निमंत्रण गांव के प्रत्येक घर तक राम भक्तों की टीम ने ढोल धमाके गीत एवं राम धुन के साथ हर घर तक पहुंचा दिया ग्राम वासियों ने राम भक्तों का स्वागत बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ किया एवम जगह-जगह लोगों ने मिठाइयां बाटी प्रसाद वितरण किया पुष्प वर्षा के साथ कलश पूजन किया प्रत्येक घर पर बड़े ही भाव के पूजन अर्चन किया राम भक्तों की टीम के साथ सैकड़ो की तादाद में ग्राम वासी भी सम्मिलित हुए और घर-घर निमंत्रण दिया इस कार्य को सुचारू रूप से एवं व्यवस्थित हर घर नियंत्रण पहुंचाने के लिए गांव के सभी नव युवा सम्मिलित हुए।

### ग्रामीण क्षोत्रों के स्कूलों में किया सूर्य नमस्कार



**खाचरोद।** शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर हाई स्कूल जसमत, हाई स्कूल रोल गांव, हाई स्कूल पगारियाहाट, माध्यमिक शाला आवली खेड़ा में सूर्य नमस्कार और योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं द्वारा सूर्य नमस्कार व योग की क्रियाएं की। प्रभारी प्राचार्य द्वारा समस्त छात्र छात्राओं को योग का महत्व बताया गया। वही स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर हाई स्कूल जसमत प्रभारी प्राचार्य मनोहर बडगूजर, हाई स्कूल रोल गांव प्रभारी प्राचार्य महेश वर्मा, हाई स्कूल पगारियाहट प्रभारी प्राचार्य इलियास खान, माध्यमिक साला अवली खेड़ा हेड मास्टर लखन सिंह ठाकुर, जन शिक्षक सजन मालवीय, शिक्षक इंदर सिंह राणा, राकेश विश्वकर्मा, सुखराम पचलसिया, प्रतिपाल सिंह ठाकुर, राहुल विश्वकर्मा, मनोहर लाल पाटीदार आदि शिक्षक उपस्थित थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ कोठरी में मनाया गया 15वां गौरव दिवस

# कठिन परिश्रम के बिना हमें सफलता प्राप्त नहीं होती: विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर

गौरव दिवस दिवस पर शासकिय और निजि स्कूलों को विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुति।




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

नगर परिषद कोठरी के 15 वर्ष पूर्ण होने पर नगर का गौरव दिवस मनाया गया। नगर परिषद का गठन 14 जनवरी 2009 में हुआ था। सर्वप्रथम नगर के प्रतिनिध व स्कूल के छात्राओं ने नगर परिषद कार्यालय से रैली के रूप में नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस नगर परिषद कार्यालय में कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में मां सरस्वती के समक्ष विधायक नगर परिषद अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की पुष्प माला पूजा अर्चना की गई। इस के बाद नगर के जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ जनों का स्वागत सम्मान का कार्यक्रम शुरू हुआ।

आष्टा विधानसभा के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का स्वागत साफा बांधकर पुष्पमाला पहनकर शाल श्रीफल देकर किया। सभी अतिथियों, वरिष्ठ जनों का भी स्वागत किया गया। शासकीय व प्राइवेट स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत परिस्थितियों दी। वही जनप्रतिनिधियों ने प्रस्तुतियां देने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया। इस मौके पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा की कठिन परिश्रम के बगैर सफलता प्राप्त नहीं होती, बच्चों को मेहनत करनी चाहिए , वही नगर में 50 लाख की राशि से मांगलिक भवन का निर्माण होगा, जिसकी घोषणा भी की गई। किसानों की सबसे बड़ी समस्या जिससे बहुत ज्यादा परेशान है आवारा मवेशियों के लिए गौशाला के कही गई। विधायक ने किसानों कहा कि आप जगह बताइए सैंसन में करवाता हूं। कहा कि नगर में सीएम राइस स्कूल बनने पर छात्र छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा प्राप्त होगी। मैं कोठरी का आभारी हूं। जिन्होंने मुझे आज इस पद पर बैठाया है। नगर में 16 तारीख को विकसित भारत संकल्प यात्रा निकल जाएगी जिसमें मैं पुनः आपके बीच में रहूंगा।

## कोठरी के विकास के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी

वही नगर परिषद कोटरी के अध्यक्ष प्रतिनिधि और वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद राधेश्याम दलपति ने अपने वक्तव में कहा कि नगर के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उपाध्यक्ष प्रतिनिधि युवराज चंद्रवंशी ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा विकास करती है और विकास की ही बात करती है। वहीं उन्होंने नगर की प्रमुख समस्याओं से भी विधायक को अवगत कराया। जिसमें नगर में नुक्ते आदि कार्यक्रमों के लिए जगह व्यवस्था के लिए मांगलिक भवन व नगर में गौशाला की व्यवस्था के लिए भी कहा गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने बारी-बारी से अपना वक्तव्य दिया। इस मौके पर आस्था विधानसभा के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जिला महामंत्री धारा सिंह पटेल, आष्टा नगर मंडल अध्यक्ष अतुल शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष नगीना राधेश्याम दलपति, युवराज सिंह चंद्रवंशी, सुनील केलिया, जितेंद्र आजाद, शिशुपाल घाटी, दिनेश चौधरी आदि नगर परिषद के समस्त कर्मचारी एवं अधिकारी गण मौजूद थे। नगर परिषद कोठरी सीएमओ नरेंद्र जाटव ने अंत में सभी अतिथियों एवं वरिष्ठ जनों नगर के नागरिक जनों का आभार व्यक्त किया। नगर के नागरिकों ने विकास कार्यों के लिए और शासन ने महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए महिला जनप्रतिनिधि बनाए गए किंतु उनकी जगह ज्यादातर कार्यक्रमों में प्रतिनिधि ही मौजूद रहते हैं, इस कार्यक्रम में भी वही नजारा देखने को मिला।

# किसानों की परेशानी, डेम से नहीं छोड़ा जा रहा पानी

**पानी के अभाव में प्रभावित हो रही फसलें**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जब खाचरौद क्षेत्र में राम पूरा डेम बना तब आस पास के किसानों को उम्मीद जागी थी की अब उनके खेतों तक नहर के माध्यम से पानी पहुंचेगा। तथा पानी के अभाव में अभी तक जो खेत सूखे रहते थे। पानी के अभाव में फसलें नहीं हो पाती थी वह खेत हरे-भरे नजर आएंगे। इस ही बात को ध्यान में रखते हुए डेम की नहर के लिए इसी उम्मीद से किसानों ने खुशी-खुशी अपनी जमीन भी दी। लेकिन अब वह पछता रहे हैं। क्योंकि सिंचाई विभाग मदमस्त होकर किसानों की समस्याओ को सुनने को तैयार नहीं है। मनीराम पूरा डेम की नहर ग्राम बरघाटी तक गई है।

डेम जिसमें दो तालाब है दोनों तालाब में पानी होने के बाद भी मनीराम पूरा डेम से पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं छोडे जाने के कारण नहर के माध्यम से पांचवें माइनर तक डैम का पानी नहीं पहुंच पा रहा है। यही कारण है की बडघाटी के किसान पानी के लिए तरस रहे हैं। सिंचाई विभाग के आला अधिकारियों इंजीनियरों को गुहार भी लगाई लेकिन मदमस्त सिंचाई विभाग इन पीड़ति किसानों की सुनने को तैयार नहीं है। यही कारण है कि पांचवें माइनर तक पानी नहीं पहुंचने के कारण इस क्षेत्र के किसानों की खेतों में खड़ी गेहूं चने की हरी भरी फसले सूखने को मजबूर है। क्षेत्र के किसान बलवानसिंह ठाकुर ने इस क्षेत्र की समस्या को सोशल मीडिया के माध्यम से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तक भी भेजी है। लेकिन अभी तक इन किसानों की समस्या का समाधान नहीं हुआ है। क्षेत्र के किसानों ने कलेक्टर प्रवीण सिंह और आष्टा के विधायक गोपालसिंह इंजीनियर से मांग की है कि वह सिंचाई विभाग से मनीरामपुरा डेम से पानी छुड़वाए ताकि बडघाटी के किसानों को पानी मिल सके और उनकी सुख रही फसलों को जीवन दान मिल।

## जिला स्टार प्रचारक के पद पर मनोज साहू मोनू नियुक्त, किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के निवास पर पहुंच कर साहू समाज के अध्यक्ष कमलेश साहू के नेतृत्व में साहू समाज ने विधायक गोपाल इंजिनीयर का पुष्प मालाओं से स्वागत कर बधाई दी। साथ ही साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा जी के जीवन पर आधारित एक फिल्म मेरी मां कर्मा समाज द्वारा बनाई गई जिसका प्रकाशन आने वाले अप्रैल माह में होना हे। जिसके प्रचार के लिए प्रदेश प्रचारक की अनुशंसा पर जिला स्टार प्रचारक के पद पर मनोज साहू मोनू को नियुक्त किया गया। जिसका नियुक्ति पत्र विधायक द्वारा माला पहना कर प्रदान किया गया। इस अवसर पर समाज के कमलेश साहू, जितेंद्र साहू, दिलीप साहू, दिनेश साहू, सतीश साहू, उमेश साहू, पीयूष साहू, रूपेश राठौर, नगर मंडल अध्यक्ष अतुल शर्मा उपस्थित रहे।

## कार्यकर्ताओं ने विधायक सुदेश राय का किया स्वागत



**श्यामपुर।** रविवार को विधायक सुदेश राय का विधायक प्रतिनिधि गोविंद पाटीदार ब्लॉक श्यामपुर ने आतिशबाजी पुष्प वर्षा व ढोल धमाकों के साथ कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में पूर्व सरपंच, पूर्व जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पाटीदार, श्यामपुर मंडल महामंत्री रामस्वरूप मालवीय, वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूलाल पाटीदार, सरपंच गुलखेड़ी अजय सिंह ठाकुर, व्यापारी प्रकोष्ठ मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सोनी, श्यामपुर उप सरपंच प्रदीप पुष्पद, सीताराम पाटीदार, राज दांगी, सुरेंद्र दांगी, राहुल पुष्पद, बिछिया सरपंच गबरू सिंह, भगवान पाठक, सुरेश पाटीदार, जीवन सिंह दांगी, बाबूलाल मालवीय, अंकित पाटीदार, अलाउद्दीन खा, मांगीलाल अहिरवार, अमित अहिरवार व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पतंग की हो रही बिक्री, आज मनेगा पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भगवान सूर्य के उत्तरायण होने का पर्व मकर संक्रांति इस बार रवि योग और वरियान योग में 15 जनवरी को मनाया जाएगा। जब भगवान सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं तब मकर संक्रांति पर्व मनाया जाता है। मकर संक्रांति से सूर्य के उत्तरायण होने पर देवताओं का सूर्योदय होता है और दैत्यों का सूर्यास्त होने पर उनकी रात शुरू हो जाती है। उत्तरायण में दिन बड़े और रातें छोटी होती हैं। दरअसल सूर्य नारायण बारह राशियों में एक-एक माह विराजते हैं। त्योहार को लेकर बच्चों में करीब 1 महीने पहले से ही उत्साह देखने को मिल रहा है। बच्चों ने गिल्ली -डंडा खेलना शुरू कर दिया है। इस वर्ष मकर संक्रांति अश्व पर बैठकर आ रही हैं अर्थात वाहन अश्व और उपवाहन सिंहनी होगा।मकर संक्रांति के आगमन के साथ ही एक माह का खरमास भी समाप्त हो जाएगा। आसमान में रंग बिरंगी पतंगें आएगी नजर। नगर पुरोहित पंडित मनीष पाठक एवं ज्योतिषाचार्य डॉ दीपेश पाठक के अनुसार इस साल की मकर संक्रांति विद्वान और शिक्षित लोगों के लिए काफी अच्छी रहने वाली है। व्यापारियों और कारोबारी लोगों को वस्तुओं की लागत कम होने से कुछ लाभ होने की संभावना है। ज्योतिष गणना के अनुसार इस साल मकर संक्रांति पौष माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 15 जनवरी को रवि योग, शतभिषा नक्षत्र में मनाई जाएगी। रवि योग सुबह 7.15 से सुबह 8.07 बजे तक रहेगा। इस दिन भगवान को तिल के लड्डू और खिचड़ी का भोग लगाने का बहुत महत्व है।

# नगर के प्रमुख मार्गों से निकली संत कीर्तन यात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शनिवार को नगर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान धान में प्राचीन शंकर मंदिर पार्वती तट से एक संत कीर्तन यात्रा निकाली गई। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस प्राचीन शंकर मंदिर पर पहुंची वहां पर आरती ओर संतों का सम्मान कर समापन किया। श्री राम रथ यात्रा निकाली जो की 22 जनवरी के लिए महा अभियान चलाकर पुजित अक्षत वितरण भी किया।

नगर में निकाली गई संत कीर्तन यात्रा के इस मौके पर प्रांत के सेवा प्रमुख गोपाल दास राठी, प्रांत सह समरसता प्रमुख राजेन टांक जिला अध्यक्ष जगदीश कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष रेवा शंकर, जिला मंत्री राकेश कुमार विश्वकर्मा, जिला महाविद्यालय प्रमुख सुरेश डांगी, जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज नागराज, सुरक्षा प्रमुख राकेश ठाकुर, प्रखंड और नगर के सभी दायित्व वान कार्यकरता, मंदिर प्रमुख हेमंत गिरी महाराज, गौ रक्षा प्रमुख राजेश पटेल, मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी की प्रखंड संयोग का आशागिरी, नगर संयोजीका राम सभा परमार ओर समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

# सूर्य नमस्कार तन, मन, वाणी से की गई सूर्य उपासना: जितेंद्र गुठानिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शासकीय सीएम राइज स्कूल बुधवारा में छात्र-छात्राओं के साथ संस्था के प्रमुख जितेंद्र गुठानिया, पार्षद प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अतुल अग्रवाल सहित स्टाफ कर्मियों ने भी सूर्य नमस्कार किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जितेंद्र गुठानिया ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी को युवा शक्ति के प्रतीक स्वामी विवेकानंद जी के विचारों का अनुशरण करने की आवश्यकता है।

स्वामी विवेकानंद जी ने भारतीय चिंतन की गहन व्याख्या कर विदेशों में भारत का मान- सम्मान बढ़ाया था ।इसलिए हम सभी को बौद्धिक विकास एवं स्वस्थ रहने के लिए सूर्य नमस्कार व प्राणायाम की विधाओं को अपनाना चाहिए। आपने कहा कि सूर्य नमस्कार तन, मन और वाणी से की गई सूर्य उपासना है। इससे सूर्य किरणों से मिलने वाली विटामिन डी की प्राप्ति होती है। सूर्य नमस्कार शरीर के सभी जोड़ों व मांसपेशियों को ढीला करने का तथा आंतरिक अंगों की मालिश करने का एक सरल और प्रभावशाली अभ्यास है। सीएम राइज माध्यमिक विद्यालय बुधवारा में युवा दिवस के अवसर पर सूर्य नमस्कार के आयोजन में विद्यालय का स्टाफ ,विद्यार्थियों के अलावा प्रबुद्ध जनों ने भी भाग लिया। विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश गान एवं राष्ट्रगान के साथ सूर्य नमस्कार किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विशाल चौरसिया ,पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष अतुल अग्रवाल एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित थे।

### फोटो निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण शुरू, 22 तक लिए जाएंगे दावे-आपत्तियां

# मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने का होगा काम



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार फोटो निर्वाचक नामावली 2024 के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यक्रम अनुसार मतदाता सूची में दावे एवं आपत्ति के तहत नाम जुड़वाने, संशोधन करवाने एवं विलोपन की कार्रवाई का कार्य 6 जनवरी से शुरु कर दिया गया है। कार्यक्रम के तहत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 6 जनवरी से 22 जनवरी तक निर्धारित की गई है एवं विशेष कैंप की तिथि 13 जनवरी तथा 20 जनवरी है। जिसमें नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।

एसडीएम आनंदसिंह राजावत एवं सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता ने बताया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य 6 जनवरी से शुरू कर दिया गया है, जो कि 22 जनवरी तक चलेगा। जिसके तहत 1 जनवरी 2024 को जिनकी आयु 18 वर्ष या अधिक हो रही है वह अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए दो कलर पासपोर्ट साइज फोटो प्रारूप - 6 में आवश्यक प्रविष्टी एवं दस्तावेज देकर संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ को जमा करा सकते हैं, पूर्व में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से शेष रह गए लोग भी इस दौरान अपने नाम जुड़वा सकते है।मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने का काम अब 22 जनवरी तक होगा।

मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की गई, उन्हें मतदाता सूची के प्रारूप की सीडी उपलब्ध कराई गई और मतदान केंद्र पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया। आष्टा में भी सम्पूर्ण प्रदेश के साथ छह जनवरी से मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 की गतिविधियां शुरू हो गई हैं।

साथ ही बैठक के माध्यम से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गयी और उन्हें प्रारूप की सीडी उपलब्ध कराई गयी। इस संबंध में राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। एसडीएम आनंदसिंह राजावत ने सभी बीएलओ को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने मतदान केंद्र पर उपस्थिति रहकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सभी कार्यों को अंजाम दें। उन्होंने अधिनस्थ अधिकारियों को गंभीरता के साथ संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की गतिविधियों को मूर्तरूप देने के लिए निर्देशित दिया।

# आज आएगी विकसित भारत संकल्प यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विकसित भारत संकल्प यात्रा 15 जनवरी को नगर के जनपद पंचायत वार्डो में भ्रमण कर यात्रा के उद्देश्य को पूरा किया जाएगा। यात्रा नगर के दो वार्डो में भ्रमण कर योजनाओं के बारे में संबंधित विभाग के अधिकारी आमजन को विस्तार से जानकारी प्रदान करेगें। यात्रा 15 जनवरी को आष्टा में, और 16 जनवरी को कोठरी एवं जावर में भ्रमण कर कैम्प आयोजित कर योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देगी और पात्र हितग्राहियों को हित लाभ का वितरण भी किया जायेगा। उक्त यात्रा के संबंध में नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाडा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश कुमार सक्सेना के साथ स्थल का निरीक्षण किया। वहीं श्री सक्सेना ने उक्त यात्रा की तैयारी के संबंध में अधीनस्थ अधिकारी व कर्मचारियों की बैठक लेकर निर्देशित भी किया। सीएमओ राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं को नागरिकों तक पहुंचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गई है। यात्रा का आगमन नगरीय क्षेत्र में 15 जनवरी सोमवार को होगा। यात्रा नगर में दो स्थानों पर होगी।जनपद पंचायत कार्यालय में 15 जनवरी को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक एवं भाऊबाबा मंदिर चौराहा पर दोपहर 2 से सायं 6 बजे तक। मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश कुमार सक्सेना ने अपने अधिनस्थों को निर्देशित किया कि भारत संकल्प यात्रा के दौरान आप सभी पूरी तैयारियों के साथ अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी देवें। यात्रा से संबंधित आईईसी वैन में लगे एलईडी मैपिंग नोडल की आईडी में की जा चुकी है ,जिसके माध्यम से आमजनों को योजनाओं की जानकारी दी जायेगी।भारत सरकार द्वारा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन राज्य सरकार की सहभागिता से किया जा रहा है। इन प्रमुख योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। यात्रा के दौरान निर्धारित वार्डो में पंहुचकर विभागीय योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को मौके पर लाभांवित किया जाएगा। कार्यक्रम में शिकायत एवं शासन की योजना के लाभ के लिए अलग-अलग आवेदन लिए जाएंगे। पात्र हितग्राहियों को यथा शीघ्र लाभांवित किया जाएगा एवं शिकायतों का नियत समय-सीमा में निराकरण किया जाएगा।